nt>

Title: Need to build a double lane road between Gorakhpur and Thuthibari in Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर से जनपद महराजगंज होते हुए ठूठीबारी तक दो तरफा मार्ग न होने के कारण यहां की जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दो तरफा सड़क न होने के कारण अक्सर यातायात रूक जाता है और लोगों का कीमती समय बरबाद होता है। यह एक महत्वपूर्ण सड़क है। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय होने के कारण राज्य के तथा केन्द्र सरकार के सभी कार्यालय यहां स्थित हैं। इन कार्यालयों के कारण सड़क पर भारी भीड़ रहती है और कर्मचारियों को कार्यालय पहुंचने में भी विलम्ब होता है। इन सब कठिनाइयों को देखते हुए मेरा अनुरोध है कि यहां शीघ्र ही दो तरफ सड़क का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि लोगों को होने वाली कठिनाइयों को दूर किया जा सके और उनके बहुमूल्य समय की बरबादी को रोका जा सके।